राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2/अलेसे– I/प्रमोशन–II से I/2669 दिनांकः22.02.2023

आदेश संख्याः 119/2022–23

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963,के नियम 29(2ए)के अन्तर्गत वर्ष 2018–19 की रिक्तियों पर विचार हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 04.08.2018 की अभिशंषा अनुसार श्री सुभाष चन्द शर्मा सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, (जन्म दिनांक 18.01.1965, लिंक नम्बर 5439, मेरिट संख्या 192/1988) का चयन उक्त नियमों के अन्तर्गत सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के चयन वर्ष 2018–19 की दिनांक 01.04.2018 के रिक्त पद पर वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर संतान सम्बन्धी सूचना प्राप्ति की शर्त पर किया गया था। श्री शर्मा के द्वारा संतान संबंधी सूचना प्रस्तुत कर दिये जाने के परिणामस्वरूप इनको पदोन्नति पर सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I पद के लेवल L-12 में स्थानापन्न रुप से नियुक्त किया जाता है।

श्री शर्मा उक्तानुसार पदोन्नति के फलस्वरूप अपने वर्तमान पद पर इस पद को अस्थाई रूप से यथा आवश्यकतानुसार सहायक लेखाधिकारी–ग्रेड I क्रमोन्नत/कमावनत मानते हुए कार्यग्रहण कर अग्रिम आदेशों तक यथावत कार्यरत रहेगें। पदोन्नति पर वास्तविक परिलाभ कार्यग्रहण की तिथि से देय होंगे।

पदोन्नत अधिकारियों की पारस्परिक वरिष्ठता (inter-se seniority) यथावत रहेगी।
उक्त आदेश वित्त (राजस्व) विभाग राज0 जयपुर के पत्र क्रमांक प.2(15) वित्त/राजस्व/10 जयपुर, दिनांक 14.08.2018 से प्राप्त स्वीकृति के अनुसरण में जारी किये जाते हैं।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.2/अलेसे– I/प्रमोशन–II से I/2669 दिनांकः22.02.2023

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. सचिव, राज0 लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राज0 जयपुर।
3. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष...
4. निजी सचिव निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव।
5. उप निदेशक (एसीपी) को वेबसाइट पर अपलोड एवं पीआईएस में इन्द्राज हेतु।
6. श्री .... सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय .... को निर्देशित किया जाता है कि वे कार्यग्रहण कर सूचना अविलम्ब इस विभाग को भिजवायें।
7. अलेसे–II/डीपीसी शाखा/ए.सी.आर. शाखा/जांच शाखा/गार्ड फाईल/निजी पत्रावली।

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)